11 शहीद स्मारक का सुधार करवाने की मांग



12 एक भारत श्रेष्ठ भारत पर भाजपा नेताओं ने की चर्चा



**खबर संक्षेप**

### रेलवे ट्रैक पर अधेड़ को खुदकुशी करने से बचाया

**बहादुरगढ़।** आमजन की जागरूकता और पुलिस की प्रयासों के चलते रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति की जान बचा ली गई। व्यक्ति खुदकुशी की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने व्यक्ति को उसके परिजनों के हवाले कर दिया है। घटना रविवार रात की है। जानकारी के अनुसार, रात करीब साढ़े 9 बजे रेलवे स्टेशन परिसर में एक व्यक्ति था। जीआरपी टीम मौके पर आमजन की मदद से अधेड़ व्यक्ति को संभाला। इस दौरान पूछताछ की तो व्यक्ति ने खुद को खरहर को बताया।

### दादरी तोए में छत से गिरा श्रमिक, मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दादरी तोए स्थित निजी कंपनी में कार्य कर रहे एक प्रवासी मजदूर की छत से नीचे गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रणजीत निवासी सहारनपुर यूपी के तौर पर की गई है। जानकारी अनुसार निजी कंपनी में शनिवार रात के समय भी काम चल रहा था। देर रात आई तेज आंधी और बरसात के बीच जब सभी मजदूर काम छोड़कर नीचे जाने लगे, इसी दौरान वह छत से नीचे गिर गया।

### बाइक चोरी के मामले में दो गिरफ्तार, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** सदर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी शुदा बाइक भी बरामद कर ली गई है। पूछताछ के बाद दोनों आरोपी जेल भेज दिए गए हैं। आरोपियों की पहचान अभिषेक व दीपक निवासी कानोंदा के रूप में हुई है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई बाइक बरामद कर ली गई।

# दस हजार का इनामी नशा तस्कर 'डॉक्टर' यूपी के हरदोई से गिरफ्तार

■ एसएनसीबी की टीम ने दबोचा ■ अदालत ने दो दिन के रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने दस हजार के ईनामी नशा तस्कर को यूपी के हरदोई से गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले चार साल से बहादुरगढ़ इलाके में नशे का सामान बेच रहा था। आरोपी को पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड अवधि में आरोपी से अहम खुलासों की संभावना है। दरअसल, एचएसएनसीबी की टीम ने गत दस जनवरी को बहादुरगढ़ इलाके में प्रतिबंधित नशे के इंजेक्शनों के साथ एक आरोपी अंकित को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ के दौरान टीम को कुछ अहम सुराग मिले। जिन पर काम करते हुए टीम ने हाल ही में 23 मई को हरीश उर्फ हैप्पी को काबू किया। मामले में हरदोई यूपी के निवासी अवनीत उर्फ डॉक्टर का भी नाम सामने आया था। करीब पांच महीने से वह पुलिस की पकड़ से बाहर था और उस पर दस हजार रुपये का ईनाम रखा गया था। आरोपी के संभावित ठिकानों पर लगातार रेड की जा रही थी। आखिरकार एएसआई देवेंद्र दलाल की नेतृत्व वाली टीम टीम ने हरदोई से उसको काबू कर लिया। सोमवार को अदालत में पेश करने के बाद उसे दो दिन के रिमांड पर ले लिया।



बहादुरगढ़। पुलिस टीम की गिरफ्त में आरोपी नशा तस्कर।

### चार साल से नशे का कारोबार कर रहा था

दस हजार के इनामी इस तस्कर से प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि वह पिछले चार साल से बहादुरगढ़ में नशे का कारोबार कर रहा है। वह उत्तर प्रदेश के फरुखाबाद से नशे के इंजेक्शन लाकर बेचता है। देवेंद्र दलाल ने बताया कि एचएसएनसीबी के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, पुलिस अधीक्षक मोहित ढांडा के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है।

## 15 तक नालों की सफाई करवाने के दिए निर्देश



बेरी। सफाई कार्य का निरीक्षण करतीं एसडीएम।

**बेरी ।** सोमवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने नपा अधिकारियों के साथ शहर और नालों की सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने शिव चौक, बस स्टैंड, दुजाना रोड, सिविल अस्पताल सहित कई क्षेत्रों का दौरा किया और नगर पालिका अधिकारियों से सफाई कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी नालों की सफाई मानसून से पहले 15 जून तक हर हाल में पूरी होनी चाहिए ताकि शहर में जलभराव जैसी स्थिति न उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि सफाई का कार्य पूरी गंभीरता से किया जाए।

## टिकरी कलां में ब्रेक लॉक होने से थम गए मेट्रो के पहिये

**बहादुरगढ़।** टिकरी कलां स्टेशन पर सोमवार की सुबह मेट्रो रेलगाड़ी में खराबी आ गई। काफी देर तक गाड़ी स्टेशन पर खड़ी रही। इस वजह से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्हें दूसरी गाड़ी में सवार होकर दिल्ली की ओर जाना पड़ा। घटना सुबह करीब 9 बजे की है। दरअसल, यहां बहादुरगढ़ स्थित मेट्रो स्टेशन से सवारियां लेकर एक गाड़ी दिल्ली के लिए चली। जब गाड़ी टिकरी कलां स्टेशन पर रुकी तो दोबारा स्टार्ट नहीं हो सकी। बताते हैं कि तकनीकी खराबी के चलते ब्रेक लॉक हो गए थे। इस कारण गाड़ी आगे नहीं बढ़ रही थी। डीएमआरसी की टीम ने काफी प्रयास किए लेकिन गाड़ी नहीं चालू हो सकी। इस वजह से यात्री परेशान हो गए।

■ दिल्ली जा रही थी, तकनीकी खराबी के कारण यात्री परेशान रहे

कुछ देर बाद यात्रियों को दूसरे प्लेटफार्म पर जाने की अनाउंसमेंट की गई। फिर वहां से रांग साइड वाले ट्रैक पर मेट्रो चली और मुंडका तक पहुंची। मुंडका से मेट्रो ने राइट ट्रैक पकड़ा। इधर, काफी प्रयास के बाद जब खराब मेट्रो चालू नहीं हुई तो उसे दूसरी गाड़ी से जोड़कर बहादुरगढ़ वापस लाया गया। लगभग आधे घंटे तक टिकरी स्टेशन पर एक लाइन ब्लॉक रही। बाद में सेवाएं सामान्य हो गई। इससे यात्रियों ने राहत की सांस ली।

## बिजली मंत्री से मिलकर बताई समस्या

**बहादुरगढ़।** ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी ने बिजली मंत्री अनिल विज से उनके अंबाला कैंट स्थित निवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने निगम अधिकारियों की कार्यशैली की शिकायत की। उनके अनुसार बिजली से संबंधित आमजन की शिकायतों का समयबद्ध निवारण नहीं हो रहा है। रात के समय बिजली कर्मचारियों का फोन बंद मिलता है। नागरिक परेशान होकर बार-बार शिकायत करते रहते हैं। उन्होंने अनिल विज से हालात सुधारने के लिए सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस अवसर पर रोहित सैनी, हरीश सैनी, जीवन, धर्मबीर प्रधान, नीरज व कृष्ण आदि मौजूद रहे।

### बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई आज

**झज्जर।** मंगलवार को बिजली उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा अधीक्षण अभियंता कार्यालय में सुबह 11 बजे से 2 बजे तक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम का आयोजन किया जाएगा। फोरम का आयोजन बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता ऑप्रेशन सर्कल झज्जर की अध्यक्षता में होगी। प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुना जाएगा। यदि कोई उपभोक्ता कार्यकारी अभियंता व उपमंडल अभियंता के फैसले से संतुष्ट नहीं है, तो वह चेयरमैन के समक्ष अपनी बात रख सकता है।

## बरसात ने दी गर्मी से आंशिक राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सोमवार सुबह हुई हल्की बरसात से लोगों को उमस भरी गर्मी से आंशिक राहत मिली। भीषण गर्मी और उमस झेल रहे लोगों ने पहले बुधवार को आए तूफान और फिर शनिवार को आई आंधी के बाद राहत की सांस ली थी। सोमवार सुबह हुई बारिश से मौसम सुहाना रहा। हालांकि शहर से ज्यादा बरसात ग्रामीण इलाकों में हुई। सुबह आसमान में बादल छाने लगे। आसमान में काली घटा देखकर लोगों में बारिश की उम्मीद जगी। थोड़ी देर में बरसात शुरु हो गई हालांकि कुछ समय बाद बरसात थम गई और लोग सुहाने मौसम का आनंद लेने लगे। लेकिन दोपहर में तेज धूप ने उमस और गर्मी का अहसास करवाया।



बहादुरगढ़। बरसात के बीच गुजरते वाहन।

नौतपा में गर्मी से बेहाल लोगों को सोमवार सुबह हुई हलकी बारिश ने थोड़ी राहत पहुंचा दी है।


## एफएलएन प्रोग्राम की रूपरेखा तैयार

**झज्जर।** सोमवार को एफएलएन प्रशिक्षण को लेकर डीईईओ वीरेंद्र मलिक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए निपुण हरियाणा मिशन के तहत प्राथमिक शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत योजना बनाई गई। यह प्रशिक्षण एफएलएन और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर फाउंडेशनल स्टेज पर केंद्रित है। जिसका उद्देश्य जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाकर बच्चों को प्राथमिक कक्षाओं तक मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता में निपुण बनाना है।



### गेम-बेस्ड लर्निंग की तैयारी

जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पुनिया ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों को बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए नवीनतम शिक्षण तकनीकों से लैस करेगा। हमने विशेष रूप से एफएलएन के लिए डिजाइन किए गए मॉड्यूल्स तैयार किए हैं। जिनमें प्रैक्टिकल एक्टिविटीज, गेम-बेस्ड लर्निंग और मूल्यांकन के आधुनिक तरीकों पर जोर दिया गया है।



हरिभूमि सहेली



बच्चों का हर समय मोबाइल गेम में लगे रहना या कुछ ना कुछ देखते रहना यानी मोबाइल एडिक्ट हो जाना, उसकी फिजिकल ही नहीं मेंटल हेल्थ के लिए भी खतरनाक है। एक तरह से मोबाइल एडिक्शन बच्चों का बचपन छीन रहा है। इसलिए बच्चों के स्मार्टफोन के ओवर यूज पर पैरेंट्स का समय रहते एलर्ट होना बहुत जरूरी है। हम दे रहे हैं आपके लिए जरूरी सलाह।

# स्मार्टफोन का ओवर यूज बच्चों के लिए अनहेल्दी

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

आजकल बच्चे स्कूली रूटीन में ही अपना काफी समय स्क्रीन पर गेम खेलने में बिताते हैं। इसलिए इन छुट्टियों में बच्चों को मिलने वाले फ्री समय के इस्तेमाल को लेकर बहुत ही सजगता की जरूरत है। हाल ही में सामने आया एक मामला हम सबको को चेताने वाला है। दिल्ली में मोबाइल पर गेम खेलने की लत के कारण एक उन्नीस साल के लड़के को रीढ़ की हड्डी की सर्जरी करवानी पड़ी। असल में बारह घंटे से ज्यादा वक्त तक अपने कमरे में अलग-थलग रहने की वजह से उसे आंशिक लकवा हो गया था। धीरे-धीरे उसकी रीढ़ की हड्डी झुक गई और उसका ब्लैडर पर कंट्रोल तक खोने लगा। पहले से चल रही स्वास्थ्य समस्याएं और तकलीफदेह हो गईं। मोबाइल गेमिंग एडिक्शन के कारण अस्पताल पहुंचने पर उसे चलने और यूरिन करने में भी मुश्किल हो रही थी। चिंतनीय है कि बच्चों में स्क्रीन पर गेम्स खेलने की लत से बढ़ रही स्वास्थ्य समस्याएं अब खूब देखने को मिल रही हैं। अगर आपके परिवार में भी कोई बच्चा घंटों मोबाइल में गेम खेलता है, तो समय रहते चेत जाएं। खासतौर से इन दिनों गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को सकारात्मक और रचनात्मक ढंग से समय बिताने के लिए प्रेरित करें।

**अनजान ना बनें पैरेंट्स:** आज शहरी ही नहीं, गांवों-कस्बों में रहने वाले पैरेंट्स को भी इन गैजेट्स से होने वाली तकलीफों की जानकारी है। कमोबेश सभी जानते हैं कि इनका हद से ज्यादा इस्तेमाल नुकसानदेह है। फिर भी आजकल घर-घर में बच्चे स्मार्ट गैजेट्स के साथ घंटों खेलते हैं। कहीं ना कहीं इस अनदेखी की वजह बड़ों का स्वार्थ या दायित्वहीनता भी है। इनके पास न बच्चों से बात करने का समय है, न ही खेलने का। ऐसे में स्मार्ट गैजेट्स बच्चों को बिजी रखने का सबसे सहज तरीका लगने लगे हैं। आजकल अधिकांश बच्चों के फुर्सत के लम्हे स्क्रीन स्क्रॉल करते बीत रहे हैं। पैरेंट्स के अपने काम में खलल न पड़ने की चाह तो कुछ बच्चों की मासूम मन की ख्वाहिश या कहें पैरेंट्स ने तकनीक से मिली सहूलियत को बच्चों की जिंदगी का अहम हिस्सा बनाकर समस्या खड़ी कर ली है। सब कुछ जानते-समझते की जा रही यह अनदेखी कई मामलों में बीमारियां पैदा कर रही है। यही वजह है कि अमेरिका और इंग्लैंड जैसे देशों में तो पैरेंट्स महंगी फीस चुका कर बच्चों को मोबाइल की लत से छुटकारा दिला रहे हैं।

**सजग होना होगा:** आंगन की चहचहाहट माने जाने वाले बच्चे स्क्रीन के दायरे तक सिमट कर व्याधियों के घेरे में आने लगें तो सचेत होना बहुत जरूरी है। इस फ्रंट पर परिजनों की भूमिका अहम हो जाती है, क्योंकि बच्चों का नासमझ मन, स्क्रीन के मन-मुताबिक चलने वाली दुनिया से बाहर नहीं आ सकता। ऑनलाइन खेल बच्चों को खूब पसंद आते हैं। ऐसे में घर के बड़ों का सचेत होना ही बच्चों को इनसे होने वाली शारीरिक-मानसिक व्याधियों से बचा सकता है। पैरेंट्स स्मार्ट गैजेट्स के उन खतरों की अनदेखी न करें, जो नई पीढ़ी की सेहत और स्वभाव दोनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। व्यवहार और विचार के नेगेटिव बदलाव से लेकर शारीरिक तकलीफों के सामने आने तक, कई बातें यह पुख्ता कर रही हैं कि इन स्मार्ट गैजेट्स के जाल में फंस जाना बच्चों के लिए बेहद नुकसानदेह साबित हो रहा है। इस मायावी दुनिया में खोए रहने से बच्चों की हेल्थ, बिहेवियर, ईटिंग हैबिट्स और सोशल लाइफ, सभी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। अफसोस कि स्मार्ट गैजेट्स की लत बच्चों में एक पूरी अस्वस्थ जीवनशैली को जन्म दे रही है।

**जीवनशैली बदलें:** भारतीय बच्चों के मामले में जेएमआईआर रिसर्च प्रोटोकॉल पत्रिका में 2024 की रिपोर्ट बताती है कि बढ़ते स्क्रीन टाइम के कारण बच्चों में नींद से जुड़ी परेशानी देखने को मिल रही है। छुट्टियों में बच्चों को सधी-स्वस्थ जीवनशैली की ओर मोड़िए। स्मार्ट गैजेट्स से दूरी के लिए जीवनशैली का बदलाव ही पहला कदम है। फुर्सत के ये दिन डिजिटल लाइफस्टाइल से दूर उनके साथ समय बिताने, आउटडोर गेम्स खेलने और सार्थक कम्युनिकेशन करने का मुफीद समय है। इसके लिए खुद पैरेंट्स भी इन गैजेट्स की जद से बाहर आएं। टेक्नोलॉजिकल रेवोल्यूशन के नाम पर जिंदगी से ही दूर होते पैरेंट्स खुद भी सचेत हों और फिर बच्चों को लती बनने से बचाएं। कम उम्र में इन गैजेट्स के साथ समय बिता रहे बच्चे परिवार और समाज से ही नहीं, खुद पैरेंट्स से भी दूर हो रहे हैं। स्क्रीन की दुनिया में खेल खेलने में गुम बच्चों की एक अलग ही दुनिया बन जाती है। बच्चे वास्तविक संसार के बजाय वर्चुअल वर्ल्ड में सहज महसूस करने लगते हैं। गैजेट्स के साथ समय बिताते हुए बच्चे शारीरिक श्रम से ही दूर नहीं होते, मानसिक रूप से भी मेहनत करना भूल जाते हैं। ऑनलाइन गेम्स खेलते हुए किसी भी परेशानी से क्विट करने की आदत हो जाती है। संघर्ष की सोच और वास्तविक जीवन की समझ से परे बनने वाला उनका व्यक्तित्व, विचार और व्यवहार के मोर्चे पर दिशाहीन हो जाता है। ऐसी स्थितियां, असल जिंदगी में हर पहलू पर तकलीफें ही पैदा करती हैं, जो बच्चे के भविष्य के लिए सही नहीं हैं।



## खिलौने नहीं हैं स्मार्ट गैजेट्स

छुट्टियों में मिलने वाले समय को बिताने के लिए स्मार्ट गैजेट्स को खिलौने ना बनाएं। पैरेंट्स बच्चों को पहले आदत, फिर आगे चलकर इसे लत की स्थिति तक न पहुंचाएं। एक बार स्मार्ट स्क्रीन में गेम्स खेलने की लत लग जाने पर बच्चे इनके बिना खुश रहना ही भूल जाते हैं। तकलीफदेह है कि अब तो दादी, नानी के घर आए बच्चे भी ऑनलाइन गेम्स में ही गुम रहते हैं। पैरेंट्स समय बिताने का माध्यम समझ कर बच्चों के हाथ में मोबाइल थमा देने से पहले इनके खतरों को गंभीरता से समझें। इनसे पैदा होने वाले जोखिमों को याद रखें। अब यह जरूरी हो गया है कि बच्चों को गैजेट्स की दुनिया में खेलने या समय बिताने भर के लिए ना धकेल दिया जाए। मोबाइल में गेम्स खेलने की आदत पड़ जाए तो बच्चों को इनसे बाहर निकालना मुश्किल हो जाता है। आदत हो जाने पर कुछ बच्चे स्मार्टफोन या आईपैड ना देने पर जिद करते हैं, गुस्सा दिखाते हैं। व्यवहारगत समस्याएं देने वाली चीजें, बच्चों के लिए खिलौने नहीं हो सकतीं।



## बच्चे हो रहे हैं हताशा- डिप्रेशन-क्रोध के शिकार

प्रतिष्ठित विज्ञान पत्रिका प्लस वन में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार स्मार्टफोन, बच्चों को दोस्तों और रिश्तेदारों से दूर कर रहा है। साल 2018 से 2024 के बीच जर्मनी में हुई 'लाइफ चाइल्ड स्टडी' में दुनिया भर के बच्चों को शामिल किया गया। अध्ययन में सामने आया कि मोबाइल स्क्रीन में ज्यादा समय बिताने वाले बच्चों में हताशा, डिप्रेशन और क्रोध की चिंताजनक स्थिति देखी गई। साथ ही बच्चों में पीएसयू यानी प्रोबलेमेटिक स्मार्टफोन यूज की प्रॉब्लम स्पष्ट दिखने लगी है। इस स्थिति में स्मार्टफोन का इस्तेमाल इतना बढ़ जाता है कि यह बच्चों की नींद, पढ़ाई और पारिवारिक संबंधों पर नेगेटिव असर डालने लगता है। समझना मुश्किल नहीं कि छुट्टियां ही तो दोस्तों और रिश्तेदारों से जुड़ने का समय होता है। ऐसे में फुर्सत के ये दिन वास्तविक संसार से जुड़कर ही बिताएं।



# नकारात्मक लोगों से बचें मजबूत होगा आत्मबल

नकारात्मक लोगों से बचने का एक ही रास्ता है, आत्मबल को मजबूत किया जाए। खुद के कामों पर ध्यान केंद्रित कर सकारात्मक लोगों के साथ रहें। इससे जीवन की राह आसान होगी और तरक्की के रास्ते खुलेंगे।

सलाह

अनीता जैन



हमारे जीवन की राह हमेशा आसान नहीं होती। जैसे-जैसे हम सफलता की ओर बढ़ते हैं, वैसे-वैसे कुछ ऐसे लोग भी हमारे आस-पास आ जाते हैं, जो हमारी तरक्की से असहज महसूस करते हैं। वे हमारे आत्मबल को तोड़ने, हमारे कार्यों को नीचा दिखाने और हमें भ्रमित करने की कोशिश करते हैं। कई बार तो ये लोग इतने करीब होते हैं कि उनकी कही बातें हमे सच्ची लगने लगती हैं। हमें संदेह होने लगता है कि हमारे लिए निर्णय सही हैं या गलत। ऐसे समय में यह समझना बहुत आवश्यक है कि ये नकारात्मक विचार हमारे अपने नहीं, बल्कि दूसरों की विषैली सोच का परिणाम हैं। यदि हम इन बातों को अपने भीतर जगह दे दें, तो हमारा आत्मबल धीरे-धीरे टूटने लगता है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हर कोई हमारी सोच, हमारे रास्ते या हमारे फैसलों को समझ नहीं सकता। कुछ लोग जान-बूझकर हमारी मानसिक शांति भंग करते हैं, ताकि हम अपने मार्ग से भटक जाएं। लेकिन ऐसे समय में खुद पर विश्वास बनाए रखना बहुत जरूरी है। हमें यह समझने की जरूरत है कि यदि हमारी नीयत साफ और मेहनत सच्ची है तो कोई भी नकारात्मकता हमें नुकसान नहीं पहुंचा सकती। जरूरत है, बस मानसिक मजबूती, सकारात्मक संगत और एकाग्रता की। नकारात्मक लोगों से कैसे बचा जाए, कैसे खुद को इतना मजबूत बनाया जाए कि उनकी कोई बात हमारे मन को प्रभावित न कर सके। इन बातों का जानना आपके लिए जरूरी है ताकि आपका अत्मबल कमजोर न पड़े।



**स्वयं को परखें:** जब कोई आपको बार-बार गलत साबित करने की कोशिश करे, तो सबसे पहले यह जांचें कि क्या आप वाकई किसी गलत रास्ते पर हैं? अगर नहीं, तो खुद पर विश्वास रखें। आत्मविश्वास ही वह ढाल है, जो नकारात्मकता के हर वार को निष्फल कर देता है।

**सीमाएं तय करें:** ऐसे लोगों से संवाद करते समय अपनी सीमाएं तय करें। अधिक निकटता या व्यक्तिगत बातचीत से बचें। सीमाएं तय करना, न तो असभ्यता है और न ही दूरी बनाना, बल्कि यह एक जरूरी आत्म-संरक्षण है।

**प्रतिक्रिया देने से बचें:** हर बात का जवाब देना जरूरी नहीं होता। नकारात्मक लोग अकसर प्रतिक्रिया की तलाश में रहते हैं। चुप रहकर या मुस्कुराकर आगे बढ़ जाना कई बार सबसे सटीक उत्तर होता है।

**सकारात्मक लोगों के साथ रहें:** आप जिन लोगों के साथ रहती हैं, उनका असर आपके सोचने के तरीके पर भी होता है। सकारात्मक, प्रेरणादायक और सहयोगी लोगों के साथ रहने से आपका आत्मबल बना रहता है।

**अपने कार्य पर केंद्रित रहें:** जब कोई आपको गिराने की कोशिश करे, तब अपने काम में और भी अधिक मन लगाएं। आपका समर्पण ही ऐसे लोगों को मूक उत्तर दे सकता है।

**ध्यान-योग का सहारा लें:** नकारात्मकता से घिरे रहने पर मन अशांत हो जाता है। ऐसे में नियमित ध्यान और योग से मानसिक शांति मिलती है। यह न केवल तनाव को दूर करता है, बल्कि अंदर से मजबूती भी देता है।

**खुद को याद दिलाएं:** लोग क्या कहते हैं, उससे ज्यादा जरूरी यह है कि आप क्या कर रहे हैं? समय आने पर सच्चाई सामने आती है और मेहनत रंग लाती है।

वास्तु-सलाह

मधु सिंह

घर की सजावट में विंड चाइम्स का प्रयोग सदियों से होता रहा है। वास्तु शास्त्र में इसकी सजावट से घर में आने वाली पॉजिटिविटी के बारे में बताया गया है। लेकिन इसकी सजावट करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

# घर में सुख-समृद्धि लाएं विंड चाइम्स



विंड चाइम्स, सिर्फ घर के भीतर की सजावट के लिए यूज होने वाला एक डेकोरेटिव आइटम ही नहीं है। इसे सजाने से घर के बरामदे या बागीचे की शोभा बढ़ती है। इनसे टकराकर जब हवा गुजरती है तो इनसे जो मधुर ध्वनियां निकलती हैं, उससे घर में नेगेटिव वाइब्स दूर होती हैं और हमारे आस-पास का वातावरण शांत-पॉजिटिव हो जाता है।

**घर में आती है सकारात्मकता:** हवा के झोंके विंड चाइम्स की झनकार को बाहरी तौर पर ही नहीं, हमारे मन में भी गुंजायमान करते हैं। ये हमारे भीतर भी संगीत लहरी निर्मित करती है। इससे हम खुद को प्रकृति के साथ ज्यादा जुड़ा महसूस करते हैं। वास्तु शास्त्र के मुताबिक विंड चाइम्स में बजने वाली ध्वनि का कंपन हमारे भीतर एक नई ऊर्जा का संचार करता है। यह हमारे जीवन में सौभाग्य, सुख, समृद्धि लाता है, नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है और घर में सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है।


**सदियों पुरानी है परंपरा:** विंड चाइम्स का उपयोग मानव सभ्यता में हजारों सालों से होता आ रहा है। आध्यात्मिक तौर पर भी इसका काफी महत्व माना जाता रहा है। इसकी हर झनझनाहट को प्रकृति का संदेश माना जाता है। यही वजह है कि विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं में इसका खासा महत्व है। अपने घर और आस-पास के माहौल को शांत और सकारात्मक बनाने के लिए अपने गार्डन, बरामदे या घर के किसी भी हिस्से में आप विंड चाइम्स लगा सकती हैं। लेकिन उसे लगाने से पहले कुछ बातों पर गौर करना चाहिए।

**सही पीस का चुनाव करें:** जिस भी जगह के लिए आप विंड चाइम खरीदना चाह रही हैं, उस जगह के अनुरूप ही मिट्टी, कांच, लकड़ी, धातु या सिरेमिक की विंड चाइम ले सकती हैं। विंड चाइम्स, खोखली नली वाली ही खरीदनी चाहिए, इससे मधुर ध्वनि आती है। पीतल या स्टील की बनी विंड चाइम में रॉड की संख्या 6 से 7 होनी चाहिए। अगर बांस की बनी विंड चाइम हो तो इसमें रॉड की संख्या तीन-चार होती है। यह विंड चाइम ईको फ्रेंडली होती है। इससे घर में पॉजिटिव और नेचुरल वाइब्स आती हैं।

**सही आकार का चयन:** विंड चाइम्स कई आकार के होते हैं। विभिन्न ज्योमेट्रिकल डिजाइन आकार के अलावा सर्पिल, घंटियों के आकार का, गोलाकार, बेलनाकार में भी विंड चाइम्स मिलते हैं। आप अपनी पसंद की किसी भी रंग और डिजाइन का सेलेक्शन कर घर सजा सकती हैं।

**सही दिशा में लगाएं:** विंड चाइम्स को घर में सही दिशा में लगाने के पीछे भी वास्तु के नियम बताए गए हैं। जैस-धातु की बनी विंड चाइम पश्चिम या उत्तर-पश्चिम में लगानी चाहिए। लकड़ी से बनी विंड चाइम पूर्व या दक्षिण-पूर्व दिशा के लिए सही होती है। सिरेमिक की बनी विंड चाइम्स को दक्षिण-पश्चिम, उत्तर-पूर्व या घर के सेंटर में लगाना चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार धातु के विंड चाइम को कभी पूर्व में और लकड़ी के विंड चाइम को दक्षिण-पश्चिम दिशा में नहीं लटकाना चाहिए।


**विंड चाइम का रंग-संख्या :** चीनी वास्तु शास्त्र फेंगशुई में अलग-अलग रंगों की विंड चाइम को अलग-अलग अर्थों और तत्वों से जोड़कर देखा जाता है। करियर में आगे बढ़ने के लिए येलो कलर के विंड चाइम्स को उत्तर-पश्चिम दिशा में लटकाना चाहिए। व्हाइट और सिल्वर कलर की विंड चाइम को पश्चिमी दिशा में लगाने से परिवार के सदस्यों के बीच प्यार बढ़ता है। गार्डेन में लगाने के लिए ग्रीन कलर के विंड चाइम्स का चयन करें। बच्चों के कमरे के लिए यलो कलर के मेटलिक विंड चाइम का चयन करें।



स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# तेज धूप से स्किन प्रोटेक्शन यूज करें होममेड सनस्क्रीन



सूरज की किरणों से त्वचा को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए आप चाहें तो घरेलू चीजों से ही नेचुरल सनस्क्रीन बना सकती हैं। हम आपको यहां बता रहे हैं कुछ सनस्क्रीन बनाने के तरीके।

**खीरा-गुलाब जल:** खीरे का इस्तेमाल आप सनस्क्रीन लोशन बनाने के लिए कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को कद्दूकस करें, फिर इसका पूरा रस निकाल लें। अब इसमें गुलाब जल मिलाकर एक घोल तैयार कर लें। अब इस मिश्रण को आप सनस्क्रीन की तरह इस्तेमाल कर सकती हैं। ठंडी तासीर की वजह से यह लोशन आपको ठंडक का अहसास भी देगा।

**नारियल-जैतून तेल:** नारियल और जैतून तेल से बनी सनस्क्रीन त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होती है। इसे बनाने के लिए आधे कप नारियल तेल में ऑलिव ऑयल की 15 बूंदें डालें। अब इसमें 7 बूंद कैरट सीड ऑयल मिलाएं और इसे एक कांच की बोतल में भरकर रख दें। आप इसे लंबे समय तक सनस्क्रीन के रूप में इस्तेमाल कर सकती हैं।

**शिया बटर-बादाम तेल:** कांच के एक कटोरे में दो चम्मच बादाम का तेल, एक चम्मच शिया बटर, एक चम्मच कोको बटर, विटामिन के कैप्सूल, जिंक ऑक्साइड आधा चम्मच लें। सभी चीजों को अच्छी तरह से मिलाकर एक एयर टाइट कंटेनर में रख लें और बाहर जाने से 15-20 मिनट पहले इसे लगा लें।



**विटामिन ई-जिंक ऑक्साइड:** इस सनस्क्रीन को बनाने के लिए 1 चम्मच एलोवेरा जैल, 4-5 बूंद विटामिन ई का तेल, 1 चम्मच सूरजमुखी का तेल और 2-3 चम्मच जिंक ऑक्साइड को कांच के कटोरे में मिलाकर क्रीम जैसा मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को एयरटाइट कंटेनर में रखकर फ्रिज में रख दें। अपनी सुविधा के अनुसार धूप में जाने पर हर दो तीन घंटे के बाद इसे लगा सकती हैं। जिंक ऑक्साइड यू वी ए और यू वी बी दोनों किरणों को ब्लॉक करता है।

**एलोवेरा और शिया बटर:** 1 चम्मच एलोवेरा जैल, 1-2 चम्मच नारियल तेल, 3-4 चम्मच शिया बटर और 3-4 चम्मच जिंक ऑक्साइड को एक कटोरे में मिलाकर क्रीम जैसा मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को एक प्लास्टिक के डिब्बे में डालकर फ्रिज में रख लीजिए। धूप में जाने पर हर दो घंटे बाद नियमित रूप से उपयोग कीजिए।

मेडिकल एडवाइस

डॉ. अंशुल जिंदल

सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट

जिंदल अस्पताल, मेरठ

पीरियड्स साइकिल को लेकर अवेयरनेस के अभाव से कई बार महिलाओं को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है। मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे (28 मई) के अवसर पर आपके लिए जरूरी सलाह।

# हर महिला के लिए है जरूरी मेंस्ट्रुअल हाइजीन का रखें ध्यान

तकनीकी तौर पर समाज में बहुत विकास हुआ है लेकिन कुछ मामलों में अभी भी संकीर्ण सोच बनी हुई है। महिलाओं में होने वाली माहवारी यानी पीरियड्स को लेकर भी बहुत सी महिलाओं में जागरूकता का अभाव है। आंकड़ों के हिसाब से दुनिया भर में करोड़ों महिलाएं हर महीने पीरियड्स साइकिल से गुजरती हैं। लेकिन इनमें से तकरीबन 50 प्रतिशत महिलाओं को ही सेनिटरी पैड, टैंपून, मेंस्ट्रुअल कप, पीरियड्स पैंटी जैसे सुरक्षित मासिक धर्म उत्पाद मिल पाते हैं। अभी भी बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां ऐसी हैं, जो अपने पीरियड्स के दौरान सफाई के लिए इस्तेमाल होने वाले कपड़ों से लेकर, अखबार, घास का इस्तेमाल करने को मजबूर हैं। कई टीनएजर लड़कियों को तो पीरियड्स के बारे में कोई जानकारी ही नहीं होती है।

**हो सकती हैं गंभीर बीमारियां:** पीरियड्स के दौरान सफाई का ध्यान ना रखने से महिलाएं फंगल इंफेक्शन, यूरीनरी ट्रैक इंफेक्शन और रिप्रोडक्टिव ट्रैक इंफेक्शन का शिकार बन सकती हैं। ये इंफेक्शन फैल कर न केवल लड़कियों को मां बनने के सुख से वंचित कर सकता है, उनको सर्वाइकल कैंसर होने का खतरा भी बढ़ जाता है।



**वेजाइनल इंफेक्शन:** पीरियड्स के दौरान गंदा कपड़ा या कोई और गंदी चीज के इस्तेमाल करने से प्राइवेट पार्ट्स साफ नहीं हो पाते। इससे वहां मौजूद अच्छे बैक्टीरिया की मात्रा कम होती है और कैंडिडा नामक यीस्ट की मात्रा बढ़ जाती है। इससे कैंडिडिआसिस नामक इंफेक्शन हो सकता है।

**सर्विक्स इंफेक्शन:** प्राइवेट पार्ट में गंदगी रहने से गर्भाशय के मुख पर इंफेक्शन हो जाता है। इससे बांझपन और कैंसर भी हो सकता है

**फैलोपियन ट्यूब इंफेक्शन:** फैलोपियन ट्यूब में अंडे और स्पर्म फर्टिलाइज होते हैं। पीरियड्स हाइजीन का ध्यान न रखने से इंफेक्शन यहां तक पहुंचने की संभावना रहती है, जिससे महिलाएं कंसीव नहीं कर पाती हैं।

**सर्वाइकल कैंसर:** पीरियड्स के दौरान प्राइवेट पार्ट्स की सफाई ठीक तरह से न होने से इस कैंसर के होने का खतरा बढ़ जाता है। देश में हर साल सर्वाइकल कैंसर के करीब डेढ़ लाख मामलों में कम उम्र की लड़कियों की भी अच्छी-खासी संख्या होती है।

**यूरिनरी ट्रैक इंफेक्शन:** माहवारी के दौरान उपयोग किया जाने वाला कपड़ा या पैड अगर देर तक गीला रहे, तो यूरिनरी ट्रैक में इंफेक्शन हो सकता है। औरतें काम की भागदौड़ या अन्य कारणों से, अकसर काफी देर तक यूरीन पास करना इग्नोर करती हैं। पीरियड्स के दौरान अगर समय पर यूरीन पास न करें और अपने प्राइवेट पार्ट्स स्वच्छ न रखें तो उन जगहों पर बैक्टीरिया पनप सकतें हैं। इनके कारण यूरिनरी ट्रैक इंफेक्शन भी हो सकता है।

**इन बातों का रखें ध्यान:** यहां बताई गई बीमारियों और इंफेक्शंस से बचाव के लिए कुछ यूजफुल टिप्स बता रहे हैं। ब्लीडिंग के दौरान सेनेटरी पैड को इस्तेमाल करते समय किसी भी तरह की हिचक न महसूस करें। पैड बदलने से पहले और बाद में हैंड वॉश करना न भूलें। कम से कम 4 से 5 घंटे में एक सेनेटरी पैड जरूर बदल लें। पीरियड्स का फ्लो ज्यादा है तो 2-3 घंटे या उससे पहले भी सेनेटरी पैड बदल लें। नए सेनेटरी नैपकिन लगाने से पहले वेजाइनल भाग को हमेशा साफ करें। पीरियड्स के बाद वेजाइना एरिया के आस-पास स्वच्छ पानी से धोएं।

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

**खबर संक्षेप**

### गलत लेन में वाहन चलाते चालक काबू

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने जैसलमेर-रेवाड़ी नेशनल हाइवे पर गलत लेन में वाहन चलाने के आरोप में चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एक ट्रॉला चालक नारनौल की ओर तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए गलत लेन में आ रहा था। इससे हादसे की आशंका बनी हुई थी। पुलिस ने ट्रॉला रुकवाकर चालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम यूपी के कलछीना निवासी फरियाद बताया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के साथ ही ट्रॉला भी कुंड पुलिस चौकी में इंपाउंड कर दिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

### हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल

**कुंड।** मामड़िया अहीर में सड़क पर खड़ी टाटा ऐश गाड़ी के चालक ने अचानक खिड़की खोल दी, जिससे बाइक चालक खिड़की से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आलियावास निवासी सुनील ने गोठड़ा बस स्टैंड़ पर नाई की दुकान की हुई है। वह गांव से बाइक लेकर दुकान पर जा रहा था। मामड़यि बस स्टैंड पर एक टाटा ऐश गाड़ी के चालक ने खिड़की खोली तो सुनील की बाइक उससे टकरा गई। इससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां से गंभीरावस्था में दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया।

## परिवार मिलन समारोह के दौरान दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

# भाविप पदाधिकारियों ने ग्रहण किया दायित्व

■ सभी पदाधिकारियों को परिषद की रीति नीति के अनुसार कार्य करने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भारत विकास परिषद की बहादुरगढ़ शाखा का दायित्व ग्रहण एवं परिवार मिलन समारोह माहेश्वरी भवन में सम्पन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय किसान संघ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश छिकारा और अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक नरेश कौशिक उपस्थित रहे। भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष योगेश कौशिक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रांतीय उपाध्यक्ष मूलचंद जोशी, जिला समन्वयक सतीश शर्मा और सह समन्वयक प्रवीण शर्मा के सान्निध्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान शाखा अध्यक्ष रमेश गुप्ता, शाखा सचिव विजय पुन्हानी और कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह भाटी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को परिषद की रीति नीति के अनुसार कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सतीश छिकारा



**बहादुरगढ़।** कार्यक्रम में विलक्षण प्रतिभाओं को सम्मानित करते अतिथि व आयोजक। फोटो :हरिभूमि

ने कहा कि युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से अवगत कराने की जरूरत है। नरेश कौशिक ने कहा कि बहादुरगढ़ में भाविप द्वारा किए जाने वाले सेवा एवं संस्कार के कार्यों में निरंतर वृद्धि हो रही है। निवर्तमान अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक व सचिव मुकेश बंसल को सराहनीय कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। मंदीप, तरुण, रीतिका, ज्योति, ख्याति कौशिक और रजत ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आयुष जोशी, विहान सुखीजा और मानवी जून को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। विवेकानंद शाखा के पदाधिकारी मुरारीलाल गोयल, सुनील बंसल, चंचल गर्ग और नीरज गर्ग का सम्मान किया गया। इस अवसर पर गौड़ कालेज के प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा, डॉ. राजवंती शर्मा, डॉ. संजय सिंह, डॉ. कुलदीप जून, डॉ. सुभदा घरोटे, राजेश गुप्ता, दीपेश राठी, रमेश सुखीजा, रमणीक सिंघल, गौरी शंकर, सुरजीत घावरी, श्याम घरोटे, दीपक, अशोक पुन्हानी, महेश, हेमेंद्र मितल, जयभगवान वर्मा, संदीप चुघ, कृष्ण चंद्र व विकास पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# युवाओं के लिए कॉर्पोरेट करियर की पहली सीढ़ी है बीबीए : डॉ. अमित

■ दो सरकारी कॉलेजों में बीबीए की हैं 120 सीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन जारी हैं। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थी नौ जून तक उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नेहरू कॉलेज में सोमवार सांय तक विभिन्न कोर्सों के लिए 228 आवेदन प्राप्त हुए। डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि जिले के केवल दो सरकारी कॉलेजों में बीबीए (बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) डिग्री कोर्स उपलब्ध है। दोनों कॉलेजों में कुल मिलाकर केवल 120 सीटें हैं। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में बीबीए की 80 सीटें और राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में 40 सीटें हैं।



#### बहुआयामी कोर्स है बीबीए

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि बीबीए एक बहुआयामी कोर्स है जो व्यापारिक दुनिया में करियर बनाने की पहली सीढ़ी है। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद बीबीए डिग्री भी अब अन्य पाठ्यक्रमों की तरह चार साल की हो गई है। इसमें दाखिले के लिए न्यूनतम योग्यता किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 45 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

#### रोजगार के अवसर

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि बीबीए के बाद बिजनेस एनालिस्ट, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, एचआर एग्जीक्यूटिव, बैंकिंग सेक्टर, ऑपरेशन्स एग्जीक्यूटिव, डिजिटल मार्केटिंग प्रोफेशनल, फाइनेंशियल कंसल्टेंट, कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजर जैसे रोजगार के अवसर मिलते हैं। मार्केटिंग, फाइनेंस, एचआर, ऑपरेशन्स, इंटरनेशनल बिजनेस जैसे विषयों की जानकारी से टीम वर्क और रणनीतिक सोच को बढ़ावा मिलता है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी यह डिग्री उपयुक्त है।

### एच डी साल्हावास के पांच विद्यार्थियों ने स्टेट के लिए किया क्वालिफाई

**झज्जर।** कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के पांच विद्यार्थियों ने स्टेट के लिए क्वालिफाई कर विद्यालय क्षेत्र व झज्जर जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय की शूटिंग कोच सुदेश ने बताया कि 17 से 26 मई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय के पांच विद्यार्थियों यशदेव, आशीष, अंश, प्रिंस, अवन जाखड़ ने स्टेट के लिए क्वालिफाई किया है, जो ग्रामीण क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। अब ये पांचों खिलाड़ी स्टेट में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। विद्यार्थियों के उम्दा प्रदर्शन पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा के बल पर स्टेट स्पर्धा में अपनी जगह बनाई है। वहीं एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया, प्राचार्य सतबीर सिंह ने स्टेट के लिए क्वालिफाई विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**झज्जर।** एचडी स्कूल साल्हावास के होनहार खिलाड़ी।

# नशे के विरुद्ध निकाली जागरूकता रैली

■ यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सामुदायिक पुलिसिंग, सड़क सुरक्षा सैल व यातायात पुलिस की ओर से जागरूकता मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम के तहत सोमवार को शक्ति विद्या मंदिर हाई स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम, नशा और महिला अपराध के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रैली निकालकर भी जागरूकता का संदेश दिया। रैली को यातायात थाना प्रबंधक निरीक्षक विकास कुमार, सामुदायिक पुलिस सैल के प्रभारी सतीश कुमार, उप निरीक्षक सत्यप्रकाश, स्कूल संचालक प्रवीण कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसएचओ विकास कुमार ने कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं नियमों की अनदेखी के कारण होती है। इसलिए नियमों के प्रति गंभीर होना चाहिए। सड़क सुरक्षा संकेतक चिह्नों की पालना करनी चाहिए। इंस्पेक्टर सतीश कुमार व एसआई सत्यप्रकाश ने कहा कि नशा बेहद गंभीर बुराई है। नशा करने से शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक हानि होती है। अपराध की भी यह एक बड़ी वजह है। इसलिए नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इससे दूर रहने को प्रेरित करें। स्कूल संचालक व आरएसओ प्रवीण शर्मा व प्रिंसिपल राजेश्वरी देवी ने विद्यार्थियों को जीवन में कभी नशा न करने को कहा, साथ ही यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई।




**बहादुरगढ़।** जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते पुलिस अधिकारी।

### छात्राओं को आग से बचाव के तरीके समझाए

**बहादुरगढ़।** माल गोदाम रोड स्थित वैश्य आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में छात्राओं को आग से बचाव के तौर तरीके समझाए गए। सुपरवाइजर आशीष ने बच्चों को अग्निश्मन यंत्रों का इस्तेमाल करना सिखाया ताकि छात्राएं आपातकालीन स्थित में इन यंत्रों के जरिये बचाव करने में सक्षम हों। केवल छात्राओं ही नहीं बल्कि गृह विज्ञान संकाय की अध्यापिका उमा बंसल तथा विज्ञान संकाय की अध्यापिका गीता सहित अन्य शिक्षकों व कर्मचारियों ने भी अग्निश्मन यंत्रों का प्रयोग सीखा। सुपरवाइजर आशीष ने बताया कि आग लगने पर हमें घबराना नहीं चाहिए। आसपास मौजूद अग्निश्मन यंत्रों का उपयोग करना चाहिए।



**बहादुरगढ़।** आग बुझाने की कोशिश करती एक छात्रा। फोटो :हरिभूमि

# डीपीएस में पीटीएम के साथ हुआ ओरिएंटेशन

■ विद्यालय की शैक्षणिक नीतियों, छात्रों की प्रगति और नवाचारों से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दिल्ली पब्लिक स्कूल में सोमवार को पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। साथ ही विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। ओरिएंटेशन प्रोग्राम, फ्रेंच वर्कशॉप, रोबोटिक्स मॉडल प्रदर्शनी, बुक फेयर और लाइव म्यूजिक परफॉर्मेंस ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को एक साथ जोड़ने का कार्य किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या नीरजा के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक नीतियों, छात्रों की प्रगति और नवाचारों से अवगत कराया। स्कूल प्रबंधक प्रिया डागर ने शिक्षा के बदलते स्वरूप और 21वीं सदी के कौशल विकास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम की पढ़ाई नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व, रचनात्मकता और वैश्विक सोच को विकसित करना है। ओरिएंटेशन प्रोग्राम में अभिभावकों को स्कूल के नियम, मूल्य और शिक्षा प्रणाली से परिचित कराया गया। फ्रेंच वर्कशॉप में छात्रों को विदेशी भाषा की बुनियादी जानकारी और रोचक गतिविधियों के माध्यम से नए शब्दों और उच्चारण से परिचित कराया गया। छात्रों द्वारा तैयार किए गए रोबोटिक्स मॉडल्स की प्रदर्शनी ने सबका ध्यान आकर्षित किया। बुक फेयर में विभिन्न विषयों की शैक्षणिक, साहित्यिक और प्रेरणादायक पुस्तकों को अभिभावकों और छात्रों ने उत्साह से देखा। संगीतमय प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



**बहादुरगढ़।** कार्यक्रम में गतिविधियों का अवलोकन करते अभिभावक।

### शहीद स्मारक का सुधार करवाने की मांग

**बहादुरगढ़।** त्रिवेणी पूर्व सैनिक संगठन के सदस्यों ने नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी को शहीद स्मारक का नवीनीकरण करवाने के लिए मांग पत्र सौंपा। चेयरपर्सन ने आश्वासन दिया कि जल्द ही शहीद स्मारक का नवीनीकरण कराया जाएगा और अन्य सभी मांगों को भी पूरा किया जाएगा सोमवार को नगर परिषद पहुंचे त्रिवेणी पूर्व सैनिक संगठन के सदस्यों ने चेयरपर्सन सरोज राठी से शहीद स्मारक का जल्द नवीनीकरण करवाने की मांग की। उन्होंने शहीद स्मारक की दीवार पर टाइल लगाने, सभी शहीदों के नाम अंकित करवाने, लिखे हुए नामों की त्रुटियां दुरुस्त करने, स्मारक स्थल पर माली तथा सफाई कर्मचारी की नियमित ड्यूटी लगाने संबंधित मांग पत्र सौंपा। चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि अमर शहीद सैनिकों की बदौलत ही हम आज खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्हें पूरा मान-सम्मान देना और युवा पीढ़ी को उनके शौर्य व पराक्रम से अवगत करवाना हमारा कर्तव्य है। जल्द ही इन मांगों को पूरा करते हुए शहीद स्मारक का नवीनीकरण करवाया जाएगा।



**बहादुरगढ़।** चेयरपर्सन सरोज राठी को मांग पत्र सौंपते संगठन के सदस्य।



**झज्जर।** विद्यार्थियों का व्यावसायिक मार्गदर्शन करते हुए विभागीय अधिकारी।

### स्व-रोजगार और करियर विकल्पों की जानकारी दी

**झज्जर।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी खुमार में विद्यार्थियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सहायक रोजगार अधिकारी सुनीता कुमारी उपस्थित रही। उन्होंने युवाओं को विभिन्न व्यवसायों में करियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी और उन्हें दो क्षेत्रों में दक्ष बनने के लिए मार्गदर्शन किया। साथ ही, जिला रोजगार कार्यालय में पंजीकरण प्रक्रिया, जॉब फेयर में भागीदारी तथा तकनीकी शिक्षा और स्व-रोजगार के अवसरों से भी विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया।

# बराही स्कूल में भी हुई सांझी सभा

**बहादुरगढ़।** सोमवार को गांव बराही के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सांझी सभा आयोजित की गई। नई एसएमसी का भी गठन किया गया। विद्यार्थियों के नामांकन में वृद्धि करने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में क्लस्टर अधिकारी ऋषि कुमार, सरपंच मोहित छिल्लर, समाजसेवी अनिल के साथ अनेक अभिभावक मौजूद रहे। एबीआरसी सरिता ने एसएमसी के उद्देश्यों एवं भूमिका की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने प्राचार्या सरिता व प्राध्यापिका उर्मिला कुमारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



**बहादुरगढ़।** बराही में हुई सांझी सभा में चर्चा करते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

# निलोठी स्कूल में 70 बच्चों को भेंटकी ड्रेस



**बहादुरगढ़।** निलोठी स्कूल में ड्रेस वितरित करते भाजपाई। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही पढ़ाई भी रफ्तार पकड़ने लगी है। ऐसे में भाजपा नेताओं ने जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए हैं। सोमवार को गांव निलोठी के राजकीय स्कूल में ऐसे 70 बच्चों को स्कूल ड्रेस दी गई। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, सरपंच पति ओमप्रकाश लाला, ब्लॉक पार्षद बलराज, वाइस चेयरमैन संदीप राठी, संजय जून, विजयपाल व मुकेश कौशिक आदि ने गरीब बच्चों की किताबों व ड्रेस आदि के अभाव में पढ़ाई नहीं रुकने देंगे। साथ ही सभी बच्चों के सुनहरे भविष्य की कामना की। प्रिंसिपल कृष्ण लाल ने इस सहयोग के लिए सभी का आभार जताया।

## श्रद्धालुओं ने नौका विहार के किए दिव्य दर्शन, मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

# गोपाल मंदिर में श्रीराधा मदन गोपाल को कराया नौका विहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन झज्जर के द्वारा श्री राधा मदन गोपाल नौका विहार उत्सव का आयोजन किया गया। इसके लिए श्रीगोपाल मंदिर में प्रतीकात्मक सरोवर बनाया गया। इस दृश्य के साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस्कॉन संस्था की ओर से मुख्यातिथियों का फूल मालाओं से स्वागत अभिनंदन किया गया। नित्यानंद आश्रय गुरु जी ने कहा कि उत्सव को मनाने में हमें आनंद आता है। उत्सवों को मनाने से भगवान श्री कृष्ण प्रसन्न होते है। उन्होंने केवट प्रसंग की कथा सुनाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। संस्था के राधानाम दास ने बताया कि श्रीगोपाल मंदिर में नौका विहार, कथा श्रवण, संकीर्तन, छप्पन भोग, प्रसादम कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में श्रीगोपाल मंदिर की महिला कीर्तन मंडली प्रधान अनिता गिरोत्रा, विजय विज, पार्षद प्रतिनिधि बिट्टू छाबड़ा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। श्रीगोपाल मंदिर के परिसर में तीन फुट पानी भरकर प्रतीकात्मक तालाब का स्वरूप दिया गया। शंख ध्वनि की गई। प्रतीकात्मक तालाब में गुलाब, गेंदा, चमेली, मोगरा आदि के फूलों की पंखुड़ियों सहित सुगन्धित द्रव्य डाले गए। फूलों से सुसज्जित नौका में श्रीराधा मदन गोपाल के श्री विग्रह को विराजमान कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण और शंख ध्वनि के बीच श्रीराधा मदन गोपाल के विग्रह को नौका विहार कराया गया। पूरा मंदिर परिसर हरे रामा रामा रामा हरे हरे से गूंज उठा। इस दिव्य और मनोहारी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रीगोपाल मंदिर में नौका विहार को देखकर हर कोई मंत्र मुग्ध हो गया।



**झज्जर।** प्रतीकात्मक तालाब में श्रीराधा मदन गोपाल के विग्रह को नौका विहार कराते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

#### शहर में दूसरी बार हुआ नौका विहार उत्सव

शहर में दूसरी बार इस्कॉन झज्जर द्वारा नौका विहार उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर राधा नाम दास, अभिलाष अभिमन्यु, अश्वनी पाहवा, पवन अरोड़ा, संजीव पोपली, सुरेश गुप्ता, विपिन शर्मा, अमित पोपली, इंद्रजीत अरोड़ा, हरबंस पोपली, रविकांत, आशीष पोपली, जेके मास्टर, सीए वीरेंद्र गोयल, अशोक जुनेजा, संजय सुनेजा, रमन छाबड़ा, रोहित बत्रा, मनोज तनेजा, दीपक बजाज, ज्योती बत्रा, प्रिंस सेठी, भावना काठपालिया, आशु, दीप शिखा, प्रीति, स्वीटी, मोनिका, सीमा, राजबाला, मानवी सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### शोरूम के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** शहर के एक शोरूम के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में भगवानपुर निवासी प्रशांत ने बताया कि वह एक शोरूम में काम करता है। वह घर से बाइक लेकर शोरूम आया था। बाइक बाहर खड़ी करने के बाद वह शोरूम में अपने काम में व्यस्त हो गया। शाम को घर जाने के लिए वह बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। सिटी पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद बाइक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### सट्टा खाईवाली करने के आरोप में गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने बीएमजी मॉल के पीछे सट्टा खाईवाली करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि धारूहेड़ा चुंगी निवासी करण बीएमजी मॉल के पीछे गली में सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बोगस ग्राहक बनाकर वहां भेज दिया।

**सूचना**

मैं, उर्मिला पत्नी स्व. श्री सतीश कुमार निवासी मकान नंबर-335, सेक्टर-7, हाउसिंग बोर्ड, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र सुमित (सन्नी) और पुत्रवधु अंजली मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। वे अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा, मेरे परिवार के सदस्यों व रिश्तेदारों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई की 700 सीटों पर आवेदन 6 जून से

**बहादुरगढ़।** प्रदेश के राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 2025-26 सत्र की दाखिला प्रक्रिया 6 जून से शुरू हो रही है। बहादुरगढ़ की राजकीय आईटीआई में विभिन्न इंजीनियरिंग और गैर इंजीनियरिंग व्यवसायों की 700 सीटों पर दाखिला होगा। प्रिंसिपल गीता आर सिंह ने बताया कि आईटीआई में 8वीं, 10वीं व 12वीं पासआउट छात्र विभिन्न व्यवसायों में दाखिला ले सकते हैं। इच्छुक छात्र आईटीआई में हाथ का हुनर सीखकर अपना भविष्य उज्वल बना सकते हैं। दाखिले के लिए विभाग की वेबसाइट पर 6 से 20 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।


गीता आर सिंह

### मेन बाजार पाठशाला में हुई सांझी सभा

**बहादुरगढ़।** सोमवार को मेन बाजार स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में सांझी सभा का पुनर्गठन किया गया। इसकी अध्यक्षता बीआरपी समीर व एबीआरसी नीलम रानी ने की। सांझी सभा में 104 बच्चों के माता-पिता ने भाग लिया। स्कूल हेड मुकेश ने अभिभावकों से ग्रीष्मकाल में सभी बच्चों का गृहकार्य कराने में मदद करने का आह्वान किया।

### डीटीपी ने बीते माह 19 निर्माण किए ध्वस्त, चार एफआईआर दर्ज

# जिले में नहीं पनपने दी जाएंगी अवैध कॉलोनियां : उपायुक्त

- अधिकारियों को निर्देश, अवैध निर्माण की सूचना मिलते ही फौरन मौके पर जाकर कार्रवाई की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिले में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। शहर के योजनाबद्ध विकास में बाधा बनने वाली अवैध कॉलोनियों को किसी भी स्थिति में पनपने नहीं दिया जाएगा। यह बात डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित डिस्ट्रिक टास्क फोर्स की बैठक में कही। जिसमें जिले में अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्रों में अवैध निर्माण पर नजर रखें व सूचना ऐसी सूचना मिलते ही तुरंत डीटीपी के साथ मिलकर कार्रवाई करें। अवैध कॉलोनियों के कारण सरकार को राजस्व की हानि होती है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि जैसे ही अवैध निर्माण की सूचना मिले, फौरन मौके पर जाकर कार्रवाई की जाए और निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। वहीं जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि अप्रैल माह में आठ निर्धारित योजनाओं पर कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण तोड़े गए। जबकि 11 पुरानी कॉलोनियों में दोबारा किए जा रहे अवैध निर्माण को भी ध्वस्त किया गया है। इसके अलावा पांच नई कॉलोनियों में भी अवैध निर्माणों को तोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि बीते महीने में चार मामलों में एफआईआर दर्ज करवाई गई है, ताकि अवैध कॉलोनी बसाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

### डीसी ने बाढ़ नियंत्रण उपायों व सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति पर की रिपोर्ट तलब

*झज्जर। सोमवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने एसटीपी, तलाव रोड बाईपास, छुछकवास, मारौत माइनर, मातनहेल सहित अन्य क्षेत्रों का दौरा करते हुए सिंचाई विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते रिपोर्ट तलब की। उन्होंने निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता भी जांची। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए ताकि आगामी बरसाती सीजन में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। इस दौरान डीआरओ प्रमोद चहल सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।*


# एक भारत श्रेष्ठ भारत पर की चर्चा

### पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

- बैठक की अध्यक्षता दिनेश कौशिक ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक दिनेश कौशिक की अध्यक्षता पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हुई। इसमें एक भारत श्रेष्ठ भारत को लेकर चर्चा की गई। बैठक में एक भारत श्रेष्ठ भारत के जिला संयोजक राजपाल जांगड़ा, जिला सह-संयोजक जयकिशन छिल्लर, दिनेश गोयल, विधानसभा संयोजक हरिमोहन धाकरे, सह-संयोजक ऋषि भारद्वाज ने शिरकत की। दिनेश कौशिक ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत का उद्देश्य विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। यह अभियान 31 अक्टूबर 2015 को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आरंभ किया गया था। राजपाल जांगड़ा ने कहा कि पीएम मोदी संपूर्ण देश को एकता के सूत्र में बांधने के लिए संकल्पित हैं।


बहादुरगढ़। बैठक में एक भारत श्रेष्ठ भारत पर चर्चा करते भाजपाई।

### तोताराम 31वीं बार बने ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष

*दयानंद नगर स्थित भगवान परशुराम मंदिर में चुनाव संपन्न*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दयानंद नगर स्थित भगवान परशुराम मंदिर में ब्राह्मण सभा बहादुरगढ़ का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। पंडित तोताराम को 31वीं बार प्रधान चुना गया। चुनाव अधिकारी नरेंद्र मुदगिल ने बताया कि सोमदत्त शर्मा को संरक्षक, पंडित तोताराम को प्रधान, धर्मेंद्र वत्स को वरिष्ठ उप प्रधान, दिनेश गौतम व राकेश कौशिक को उप प्रधान, संतराम वत्स को महासचिव, विजय भारद्वाज को सचिव, राजकुमार गौतम को कोषाध्यक्ष, देवीदत्त वरिष्ठ को सलाहकार, देवदत्त को कानूनी सलाहकार बनाया गया है।
पुरषोत्तम शर्मा, अश्वनी शर्मा, मास्टर सतपाल, सुनील शर्मा, पंडित प्रेमनाथ मिश्रा व संदीप गौतम को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

### कंपनी के बाहर से बाइक चोरी

**बहादुरगढ़।** एमआईई स्थित एक कंपनी के बाहर से बाइक चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। विवेकानंद नगर के निवासी सुशील ने कहा है कि उसने कंपनी के बाहर सुबह बाइक खड़ी की थी। कुछ घंटे बाद बाहर निकला तो बाइक नजर नहीं आई। अपने स्तर पर तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। वहीं, एमआईई चौकी पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मेरा आप की कृपा से सब काम हो रहा है..भजन पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

- बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर परिसर में श्री खेड़ापति रामायण मंडल झज्जर द्वारा 95वां सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन मृत्युंजय गिरी महाराज के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम में ताराचंद जिंदल, उमाशंकर वशिष्ठ, रजनीश हरित, विपिन राज वशिष्ठ, पंकज शर्मा, सोनू, सूबे सिंह हरित, हर्ष डोगरा, सुरेंद्र बंसल ने संगीत मय सुंदरकांड पाठ का वाचन किया गया। इस दौरान पंकज शर्मा ने मेरा आप की कृपा से सब काम हो रहा हैं करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है, रजनीश हरित ने मांगा है मैंने राम से वरदान एक ही तेरी कृपा बनी रहे जबतक है जिंदगी, सुशीला ने इतनी शक्ति दे ओ बाबा करती रहु गुणगान तेरा, तेरी भक्ति में ध्यान लाग जायो है अरमान मेरा, प्रोमिला ने हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं ये दुनिया वाले जलते है, उमा शंकर वशिष्ठ ने मुझे है काम ईश्वर से जगत रूठे तो रूठन दे.. भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। मृत्युजंय गिरी महाराज ने मंगलवार को शनि अमावस्या का विधान सभी भक्तों को बताया।


झज्जर। बाबा प्रसाद गिरी मंदिर में श्रीसुंदरकांड का पाठ करते हुए श्रद्धालु।

### होनहार छात्राओं को किया सम्मानित



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान होनहार छात्राएं मुख्यातिथि एवं अन्य प्रबुद्धजनों के साथ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सीआर स्कूल माजरा दूबलधन में दसवीं कक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाली छात्राओं के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर पवन शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए होनहार छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया। इस दौरान अपने संबोधन में डॉक्टर पवन शर्मा ने कहा कि सीआर संस्था का शिक्षा मिशन अनुकरणीय है। वहीं संस्कारम विश्वविद्यालय के कुलपति महिपाल ने कहा कि यह जिले के लिए ही नहीं बल्कि पूरे हरियाणा के शिक्षा जगत के लिए गौरव की बात है।

# हार्दिक ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण पदक

- 73 किलोग्राम भारवर्ग में हिस्सा लेते हुए सभी खिलाड़ियों को धूल चटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र हार्दिक अहलावत ने हरियाणा स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल व बहादुरगढ़ का नाम रोशन किया है। इससे पहले भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई ताइक्वांडो चैंपियनशिप में हार्दिक अहलावत मेडल जीतकर स्कूल, अभिभावकों, कोच व बहादुरगढ़ का नाम रोशन कर चुका है।

प्राचार्या डॉ पूनम चौधरी ने बताया कि फतेहाबाद के रतिया में 23 से 25 मई तक हुई दूसरी कैडेट एंड जूनियर हरियाणा स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में 12वीं कक्षा के छात्र हार्दिक अहलावत ने स्वर्ण पदक जीता है। हार्दिक अहलावत ने 73 किलोग्राम भारवर्ग में हिस्सा लेते हुए सभी खिलाड़ियों को धूल चटाई। स्कूल डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर, डॉ सीमा छिल्लर, डॉ पूनम चौधरी ने हार्दिक अहलावत को बधाई देते हुए कहा कि वह शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है।


बहादुरगढ़। ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने के बाद हार्दिक अहलावत। फोटो : हरिभूमि

### पीएमजेजेबीवाई के 1.29 लाख लाभार्थी

- 31 मई तक बीमा शुल्क कटने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने पीएमएसबीवाई और पीएमजेजेबीवाई का लाभ लेने वाले सभी बीमाधारकों से अपने बैंक खातों में प्रीमियम राशि अवश्य बनाए रखने का आह्वान किया है। ताकि 31 मई के लिए बीमा प्रीमियम की ऑटो डेबिट प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी हो सके और सामाजिक सुरक्षा के तहत बीमा योजना लाभ मिल सके।

उन्होंने बताया कि जिले में पीएमएसबीवाई के 3 लाख 29 हजार 157 तथा पीएमजेजेबीवाई के 1 लाख 29 हजार 256 लाभार्थी हैं, जिनके खातों से 31 मई तक बीमा शुल्क कटने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।


बहादुरगढ़। रतन गर्ग का आभार जताते सेक्टर-6 निवासी।

### पार्क में मिट्टी डलवाने पर नागरिकों ने जताया आभार

**बहादुरगढ़।** प्रकृति प्रेमी रतन गर्ग द्वारा सेक्टर-6 के पार्क नंबर-14 में मिट्टी डलवाने पर स्थानीय नागरिकों ने उनका आभार जताया। रामकंवार सैनी, मास्टर रतन लोहचब, संजय भारद्वाज, रामफल नैन, राजेश मान, डॉ. संजय, हरपाल शौकीन आदि ने समय-समय पर पार्क की सुध लेने वाले रतन गर्ग की सराहना करते हुए अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि पार्क में घूमने वाले सीनियर सिटीजन उनके सेवाभाव से प्रभावित होते हैं। पार्क की देखरेख में करण दलाल व मास्टर राजपाल छिल्लर के योगदान को भी उन्होंने सराहा।

### राजकीय स्कूल शेरिया में होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**बेरी।** सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेरिया में दसवीं कक्षा में शानदार परीक्षा परिणाम हासिल करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य पवन कादियान, पंचायत समिति की तरफ से राजीव अहलावत एवं ग्राम पंचायत की तरफ से सरपंच राजेश अहलावत ने विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सरपंच राजेश अहलावत ने कहा कि यदि कोई स्कूल का विद्यार्थी राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करता है तो उसे क्रमशः 51 हजार, 31 हजार एवं 21 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि रश्मि 486 अंक प्रथम स्थान, आशीष 482 अंक तृतीय स्थान एवं सिद्धी 477 अंक चतुर्थ स्थान प्राप्त किया था।


बेरी। होनहार विद्यार्थी स्कूल स्टॉफ, सरपंच व पंचायत समिति सदस्यों के साथ।


बेरी। सिविल डिफेंस कैंप में पंजीकरण करते हुए अधिकारी।

### सिविल डिफेंस टीम से जुड़ने को लेकर युवाओं में उत्साह

**बेरी।** आपदा प्रबंधन को सशक्त बनाने और नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिविल डिफेंस कैंपों में रजिस्ट्रेशन को लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। सोमवार को राजकीय महाविद्यालय दुजाना में विशेष सिविल डिफेंस कैंप आयोजित किया गया। एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि कैंप में पूर्व सैनिक, एनसीसी-एनएसएस कैडेट्स, रेडक्रॉस वॉलंटियर्स, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला व पुरुष नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सिविल डिफेंस टीम का हिस्सा बनने के लिए ऑनस्पॉट पंजीकरण करवाया। उन्होंने कहा कि मंगलवार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय बेरी में कैंप का आयोजन किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**बेरी।** सोमवार को लघु सचिवालय परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम रेणुका नांदल ने की। उन्होंने जनता से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। समाधान शिविर में प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड आदि शिकायतें प्रमुख रूप से शामिल रही।

**कार्यक्रम** एचएल सिटी के जीडी गोयनका स्कूल में ओवरनाइट कैंप का आयोजन

# मस्ती के साथ कौशल सीखते नजर आए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एचएल सिटी में स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में 25-26 मई को ओवरनाइट कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान विद्यार्थियों को मौज मस्ती के साथ-साथ नए कौशल सीखने और ज्ञान को बढ़ाने का अवसर मिला। स्कूल निदेशिका शैलजा जून के अनुसार यह कैंप बच्चों के व्यक्तित्व का विकास करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सक्षम बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

जीडी गोयनका स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वीमिंग पूल, मूवी टाइम, डांस, ईको आर्ट क्लब, एडवेंचर गतिविधि, पूल साइड डांस पार्टी, योगा व जुम्बा आदि विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इन गतिविधियों ने बच्चों को नए कौशल सीखने और अपने ज्ञान को बढ़ाने का अवसर प्रदान किया। साथ उन्हें टीम वर्क और नेतृत्व कौशल भी सिखाया। कैंप में गतिविधियों के साथ-साथ छात्रों के खाने-पीने की उचित व्यवस्था की गई। छात्रों ने डिनर के साथ म्यूजिक का आनंद लिया और अपने दोस्तों के साथ मस्ती की।



### शिक्षकों ने बच्चों का किया मार्गदर्शन

*शिक्षकों ने कैंप में बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखी और उनका मार्गदर्शन किया। अभिभावकों ने कैंप की व्यवस्था और बच्चों की गतिविधियों की प्रशंसा की। बच्चों को नए अनुभव प्राप्त करने और अपने दोस्तों के साथ समय बिताने का अवसर मिला है। प्रधानाचार्या ने कहा कि ओवरनाइट स्कूल कैंप के आयोजन से बच्चों ने अपने दोस्तों के साथ मस्ती करते हुए नए कौशल सीखे। स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने भी समय-समय पर छात्रों के बीच आकर उनका उत्साहवर्धन किया। परिस्थितियों का जायजा लेते हुए उन्होंने कहा कि यह आयोजन बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव रहेगा।*